प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में धानुका द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर। 4 सितम्बर 2024। विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय में धानुका द्वारा 'कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र : चुनौतियाँ एवं अवसर' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं विशिष्ट अतिथि डा. ए.एस. तोमर अध्यक्ष, आर एंड डी, धानुका एग्रीटेक लिमिटेड, निदेशक शोध डा. ए.एस. नैन, अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय डा. आर.एस. जादौन एवं संयुक्त निदेशक शोध डा. पी.के. सिंह मंचासीन थे। इस अवसर पर कुलपति द्वारा डा. तोमर के विश्वविद्यालय के प्रति लगाव तथा उनके द्वारा विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं परियोजनाओं के वित्त पोषण में किये जा रहे योगदान हेतु प्रशंसा की गयी और इसी प्रकार से विश्वविद्यालय के अन्य एल्यूमिनाई द्वारा भी विश्वविद्यालय के क्रिया–कलापों में भागीदारी की अपेक्षा की गयी। डा. तोमर ने कहा कि देश के प्रथम कृषि विश्वविद्यालय का विद्यार्थी होने से वे गौरवांवित है और विश्वविद्यालय को विभिन्न रूपों में निरन्तर सहयोग करने की बात कही। डा. नैन ने कहा कि यह एक दिवसीय प्रशिक्षण जोकि विद्यार्थियों के हित में धानुका द्वारा आयोजित किया जा रहा है, यह विश्वविद्यालय एवं धानुका के बीच हुए करार का परिणाम है। डा. जादौन द्वारा कृषि एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन पर प्रकाश डाला गया। अंत में डा. पी.के. सिंह द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, संयुक्त निदेशक शोध डा. सुभाष चन्द्र डा. धीरेन्द्र सिंह तथा डा. प्रमोद मल्ल एवं डा. आशुतोष सिंह, डा. मुकेश पाण्डे, डा. सौरभ सिंह, डा. स्नेहा दोहरे तथा 100 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंचासीन कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य।